**संख्या- 77 /2026/ 702 /चार-2026-1938668**

प्रेषक,

मनोज कुमार
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय,उ0प्र0
जवाहर भवन, लखनऊ।

**संस्कृति अनुभाग** **लखनऊः दिनांक: 14 मार्च, 2026**

विषय:- जनपद-फिरोजाबाद में ग्राम करहरा में समौर बाबा धाम में परम्परागत होली मेला महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 4447/सं0नि0-15(128)/2024-25-340868 दिनांक 20.02.2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद-फिरोजाबाद में ग्राम करहरा में समौर बाबा धाम में परम्परागत होली मेला महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाने के सम्बन्ध में प्रतिभागी कलाकारों से निगोशिएशन के उपरान्त रू0 45.43 लाख के सापेक्ष रू0 42.63 लाख जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद्, फिरोजाबाद के पक्ष में निम्नवत् तालिका के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है :-

| **क्र०सं0** | **दिनांक** | **कलाकार का नाम** | **संस्तुत मानदेय (आवास, परिवहन एवं खानपान व्यवस्था सहित) लाख रू0 में** |
|---|---|---|---|
| **1** | 07.03.2026 | भजन गायन श्री लखबीर सिंह लक्खा | 14.50 |
| | 08.03.2026 | कवि सम्मेलन | 4.00 |
| | 09.03.2026 | • शिव डमरू नृत्य कार्तिकेय एवं समूह उत्तराखण्ड के 25 कलाकार<br>• शिव नृत्य नाटिका, दिव्या श्रीवास्तव एवं समूह, वाराणसी<br>• रूद्राक्ष बैण्ड, गोरखपुरी | 5.00 |
| **2** | 10.03.2026 | भजन संध्या श्री कन्हैया मित्तल | 15.00 |
| | | योग | 38.50 |
| | | जी0एस0टी0 | 6.93 |
| | | **कुल योग- रूपये मात्र** | **रू0 45.43** |

**2-** उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार जनपद-फिरोजाबाद में ग्राम करहरा में समौर बाबा धाम में परम्परागत होली मेला महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों को भुगतान किये जाने हेतु **रू0 42.63 लाख (रूपये बयालीस लाख तिरसठ हजार मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये निम्नलिखित शर्तें /प्रतिबंधों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

**शर्तें/ प्रतिबन्ध:-**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(1) स्वीकृत धनराशि के आहरण व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक 27-मार्च, 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(3) उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं आवागमन भत्ता शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।

(4) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।

(5) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(6) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।

(7) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(8) स्वीकृत धनराशि आहरित कर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, फिरोजाबाद को उपलब्ध करायी जायेगी।

(9) उक्त धनराशि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के निवर्तन पर है. अतः बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।

(10) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3. इस संबंध में होने वाला व्यय **रुपये 42,63,000/- (रू0 बयालीस लाख तिरसठ हजार मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक अनुदान सं0 92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-800-अन्य व्यय-13-आजादी का अमृत काल महोत्सव-42-अन्य व्यय मद के नामे डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

**<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>**

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी, फिरोजाबाद।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार,जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मनोज कुमार
अनुसचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in